## एक नजर में

### आराध्या-प्रकृति का एमपी ट्रायल के लिए चयन




**शाजापुर।** ब्लू डायमंड क्रिकेट अकादमी की खिलाड़ी आराध्या पांचाल एवं प्रकृति देवड़ा का चयन इंदौर में 15 अप्रैल को होने वाली अंडर-15 गर्ल्स मध्य प्रदेश ट्रायल के लिए हुआ है। जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा संचालित ब्लू डायमंड क्रिकेट अकादमी में प्रशिक्षण ले रही आराध्या पांचाल एवं प्रकृति देवड़ा का चयन उज्जैन में हुई संभाग स्तरीय चयन प्रतियोगिता में हुआ था। दोनों खिलाड़ी उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पर प्रतिदिन अभ्यास करती हैं। कोच खलील खान, मनोज आर्य, विजय शिवहरे के द्वारा प्रशिक्षित की जाती हैं। ब्लू डायमंड एकेडमी के बॉलिंग कोच विजय शिवहरे के द्वारा 4 महीनों से निरंतर दोनों खिलाड़ियों को बॉलिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उपरोक्त उपलब्धि के लिए अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह भदोरिया, अशफाक खान, आनंद भावसार, जगदीश मीणा, विनोद, विकास, नितिन शर्मा, राजेश श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन सचिव मनोज आर्य ने दी।

### महिला से छेड़छाड़ का आरोपी फरार

**मक्सी।** मक्सी नगर में एक महिला के साथ छेड़छाड़ और जबरदस्ती का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर मक्सी थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफप्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तलाई मोहल्ला नई आबादी के पीछे रहने वाले आरोपी अकबर खां पिता सलामत खां के खिलाफ एक महिला ने गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता, जो कि सरकारी कुंडी क्षेत्र की निवासी है, ने शनिवार को अपने परिजनों के साथ मक्सी थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायत में महिला ने बताया कि आरोपी उसके घर आकर गाली-गलौज करता है। झूमाझटकी करता है तथा उसकी लड़की के साथ भी बदतमीजी करता है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धाराएं 74, 75, 76, 296, 115(2), 225, 351(3) एवं 78(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी पहले नगर परिषद मक्सी में कार्यरत था, लेकिन घटना के बाद उसे नौकरी से निकाल दिया गया है। फिलहाल आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है और उसकी तलाश जारी है। मक्सी थाना पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शारीरिक सुदृढ़ता और अनुशासन का प्रदर्शन किया



**शाजापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शाजापुर नगर द्वारा आयोजित शारीरिक प्रधान कार्यक्रम गत दिवस संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लेकर शारीरिक सुदृढ़ता और अनुशासन का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कैलाश सूर्यवंशी सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापक उपस्थित रहे। मंच पर नगर कार्यवाह प्रवीण पाटीदार एवं मुख्य वक्ता के रूप में जिला कार्यवाह दिलीप कलमोदिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत स्वयंसेवकों द्वारा ध्वज प्रणाम एवं वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुई। इसके बाद स्वयंसेवकों ने दंड, पद विन्यास, सामूहिक समता, नियुद्ध, डंबल योग, मंडल समता एवं घोष जैसे विविध शारीरिक कार्यक्रमों का आकर्षक प्रदर्शन किया, जिसने उपस्थित जनसमूह को अत्यंत प्रभावित किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता दिलीप कलमोदिया ने अपने उद्बोधन में शारीरिक कसरत, योग एवं प्राणायाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए नियमित व्यायाम अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यदि व्यक्ति शारीरिक रूप से सशक्त होगा, तो राष्ट्र भी मजबूत और सुदृढ़ स्थिति में रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि एक अनुशासित एवं स्वस्थ स्वयंसेवक ही विकसित राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारतीय संस्कृति में भी कहा गया है कि स्वस्थ शरीर ही सबसे बड़ा सुख है, जिसे अपनाकर हम अपने जीवन को श्रेष्ठ बना सकते हैं। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआए जहां सभी स्वयंसेवकों ने राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

### लोकसेवकों के बीच समन्वय स्थापित करना उद्देश्य




**शाजापुर।** सरदार वल्लभभाई पटेल लोकसेवक मंच द्वारा पाटीदार समाज के लोकसेवकों का सरदार संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत लोकसेवकों के बीच समन्वय स्थापित करना, अनुभवों का आदान-प्रदान करना तथा समाजहित में नई दिशा तय करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाजापुर विधायक अरुण भीमावद उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ। राजकुमार पाटीदार अध्यक्ष, पाटीदार समाज ट्रस्ट, मानसिंह गोठी अध्यक्ष, अभ्युदय शिक्षण समिति शाजापुर, जुगल नाहर अध्यक्ष, पाटीदार समाज जिला शाजापुर एवं गोविंद चौधरी अध्यक्ष, पाटीदार समाज जिला राजगढ़ की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के संयोजक के रूप में राजेश पाटीदार प्राचार्य, शासकीय विद्यालय मकोड़ी ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संचालन सत्यनारायण पाटीदार ने किया। अतिथि परिचय मायाराम पाटीदार ने कराया। कार्यक्रम का विस्तृत उद्देश्य ओम प्रकाश पाटीदार ने प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस प्रकार के संवाद कार्यक्रम समाज के लोकसेवकों को एक मंच प्रदान करते हैं, जिससे वे अपनी सेवाओं को और अधिक प्रभावी बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के उत्थान के लिए शिक्षा, प्रशासन, स्वास्थ्य एवं सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत सभी व्यक्तियों को मिलकर कार्य करना आवश्यक है।

**युवाओं को प्रेरित करते हैं ऐसे आयोजन : भीमावद**

मुख्य अतिथि अरुण भीमावद ने कहा कि पाटीदार समाज सदैव सेवा, परिश्रम और संगठन के लिए जाना जाता रहा है। इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में नई ऊर्जा का संचार करते हैं और युवाओं को प्रेरित करते हैं। उन्होंने लोकसेवकों से समाजहित में निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज में एकजुटता, शिक्षा के प्रसार और सामाजिक उत्तरदायित्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संवाद के माध्यम से समस्याओं के समाधान और विकास की नई संभावनाएं सामने आती हैं। कार्यक्रम में कार्यकारिणी समिति का परिचय नगजीराम पाटीदार द्वारा कराया गया, जिससे उपस्थितजनों को संगठन की संरचना एवं कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त हुई। रघुनंदन पाटीदार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# दुकान छोड़ सड़क पर उतरे व्यापारी, कारवाई का किया विरोध

## व्यापारियों ने बनाई मानव श्रृंखला, टीम ने 11 हजार रुपए के चालान बनाए



**शाजापुर। नगर में अतिक्रमण हटाने का काम जोर-शोर से चल रहा है। रविवार दोपहर 3 से 5 बजे के बीच प्रशासन की टीम शहर के खास इलाकों में कार्रवाई करने निकली। इस दौरान बस स्टैंड के पास व्यापारियों ने टीम का जमकर विरोध किया। नाराज दुकानदारों ने करीब आधे घंटे तक अपनी दुकानें बंद रखीं और सड़क पर इकट्ठा होकर रास्ता जाम कर दिया।**

जब प्रशासन की टीम बस स्टैंड पहुंची तो वहां के व्यापारी भड़क गए। विरोध को देखते हुए अधिकारी उन्हें समझाने के बजाय आगे बढ़ गए। इसके बाद टीम ने नई सड़क, आजाद चौक, मेडिकल बाजार और किला रोड जैसे इलाकों में सड़क किनारे से अवैध कब्जे हटाए।

इस पूरी कार्रवाई के दौरान करीब 11,000 रुपए के चालान भी काटे गए। इसके बाद व्यापारी एसडीएम मनीषा वास्कले से मिले। व्यापारियों का कहना था कि बार बार की चालानी कार्रवाई से वे तंग आ चुके हैं। उन्होंने मांग की कि दुकानों के बाहर एक पक्की लाइन खिंचवा दी जाए, ताकि उन्हें पता रहे कि दुकान कितनी सीमा तक लगानी है और बार बार विवाद न हो।

**पांचवें दिन भी जारी रही सख्ती**

रविवार को पांचवे दिन भी प्रशासन की कार्रवाई जारी रही। इस दिन भी एसडीएम ने सख्ती बरतते हुए चालान बनाए। पिछले चार दिनों से लगातार लोगों को समझाया जा रहा है कि वे सड़क पर सामान न रखें और अवैध निर्माण हटा लें। प्रशासन का मकसद शहर में पार्किंग की व्यवस्था को सुधारना है। उन्होंने बताया कि व्यापारियों ने खुद ही चूने की पट्टी डालने का सुझाव दिया है ताकि वे उसके अंदर ही अपनी दुकान लगाएं। व्यापारियों को भरोसा दिलाया है कि जल्द ही दुकानों की सीमा तय कर दी जाएगी, जिससे यह समस्या बार-बार पैदा न हो। फिलहाल शहर में सख्ती जारी है।

## टेट परीक्षा निरस्त को लेकर सौंपा ज्ञापन



**मोहन बड़ोदिया। टेट परीक्षा निरस्त करने को लेकर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ब्लॉक मोहन बड़ोदिया द्वारा तहसीलदार एवं जनप्रतिनिधि के नाम मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।**

शनिवार शाम 5 बजे मोहन बड़ोदिया तहसील कार्यालय पहुंचकर अध्यापक शिक्षक संवर्ग की टेट परीक्षा निरस्त कर प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ दिए जाने के संबंध में ज्ञापन मोहन बड़ोदिया नायब तहसीलदार मुकेश गुप्ता और जनप्रतिनिधि के रूप में जिला पंचायत सदस्य लोकेंद्र सिंह सोलंकी को सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ब्लॉक मोहन बड़ोदिया अपने अध्यापक शिक्षक संवर्ग की निम्न लिखित मांगों का निराकरण हेतु अनुरोध करता है। शिक्षकों की टीईटी परीक्षा के संबंध में मध्यप्रदेश सरकार भी अध्यापक शिक्षक संवर्ग के पक्ष में सर्वोच्च न्यायालय में शीघ्र पुनर्विचार याचिका दायर करें। अध्यापक शिक्षक संवर्ग को प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ देकर पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाए। ज्ञापन के दौरान मोहन बड़ोदिया ब्लॉक के सैकड़ों शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## चोरी के दो बड़े मामले सुलझे, 25 लाख का माल बरामद

### शुजालपुर मंडी पुलिस की कार्रवाई, एक आरोपी गिरफ्तार, तीन साथी फरार

**शुजालपुर। शुजालपुर पुलिस ने चोरी के दो बड़े मामलों का खुलासा करते हुए टवेरा कार और जेसीबी मशीन सहित करीब 25 लाख रुपये का मशरूका बरामद किया है। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसके तीन साथी अभी फरार है। पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय के निर्देशन तथा एसडीओपी निमेष देशमुख के मार्गदर्शन में थाना शुजालपुर मंडी पुलिस ने विशेष टीम गठित कर यह सफलता हासिल की।**



दो अलग-अलग मामलों में हुई थी चोरी, पहले मामले में फरियादी अजय पूर्विया निवासी पांडुरंग कॉलोनी, फ्रीगंज शुजालपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 9-10 अप्रैल की रात उसके घर के सामने खड़ी टवेरा कार एमपी 09 बीडी 2979 चोरी हो गई। वहीं दूसरे मामले में थाना शुजालपुर सिटी क्षेत्र के ग्राम कड़वाला निवासी राहुल पाटीदार की जेसीबी मशीन एमपी 39 एच 3848 अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए थे। पुलिस टीम ने सक्रिय मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी गोविन्द सिंह 21 निवासी ग्राम देहंडी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपने साथियों पवन चौड़िया, सुनील मालवीय और कृष्णा गोस्वामी के साथ मिलकर चोरी करना कबूल किया।

**पूरा सामान बरामद**

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गई टवेरा कार करीब 5 लाख रुपये और जेसीबी मशीन करीब 20 लाख रुपये बरामद कर ली। कुल जब्ती 25 लाख रुपये आंकी गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार यादव के नेतृत्व में उपनिरीक्षक तेजप्रकाश बोहरे, इनीम टोप्पो, सहायक उपनिरीक्षक भेमेन्द्र सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक रामदयाल श्रीवास्तव सहित पुलिस टीम व साइबर सेल के कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सड़क पर अनियंत्रित हो पलटी बाइक दो युवक घायल

**शाजापुर।** जिले के मक्सी क्षेत्र में शनिवार रात करीब 9 बजे एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से एक को इंदौर रैफर किया गया है। जबकि दूसरे का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। दोनों घायल युवक शाजापुर के निवासी हैं। वे शनिवार को मोबाइल खरीदने के लिए इंदौर गए थे और वापस लौट रहे थे। मक्सी के पास लौटते समय सड़क के बीच बनी एक दरार में उनकी बाइक का पहिया फंस गया। इसके कारण बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे में बाइक चला रहे बलराम को सिर में गंभीर चोटें आई है, जिसके कारण उन्हें इंदौर रैफर किया गया है। दूसरे युवक गणेश को अपेक्षाकृत कम चोटें आई हैं और उनका इलाज शाजापुर जिला अस्पताल में जारी है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों की मदद की और उन्हें अस्पताल पहुंचाया। इस दुर्घटना के बाद सड़क की खराब स्थिति को लेकर क्षेत्रवासियों में नाराजगी भी देखी जा रही है।

## बुजुर्ग को ब्लैकमेल करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

### 33 लाख वसूल चुके थे ठग, 20 अप्रैल तक 12 लाख की कर रहे थे डिमांड

**शाजापुर। कोतवाली पुलिस ने एक बुजुर्ग से लाखों रूण् की ठगी के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी शनिवार-रविवार की दरमियानी रात शुजालपुर के भीलखेड़ी रोड पर दबिश के दौरान हुई। मामले को लेकर बुजुर्ग ने पुलिस को शिकायत की थी, क्योंकि आरोपी उससे अब तक 33 लाख वसूल चुके थे और 12 लाख रूपये की और डिमांड कर रहे थे।**

कोतवाली थाना प्रभारी संतोष वाघेला ने बताया कि 70 वर्षीय रमेशचंद्र ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि पार्वती बैरागी, राजेंद्र बैरागी, शरद बैरागी और संजना बैरागी उन्हें लंबे समय से ब्लैकमेल कर रहे थे। आरोपी उन्हें वीडियो वायरल करनेए झूठे दुष्कर्म के मामले में फंसाने और जान से मारने की धमकी दे रहे थे। पीड़ित रमेशचंद्र ने बताया कि आरोपियों ने पहले उनकी बातचीत का एक वीडियो बनाया।

इसी वीडियो को आधार बनाकर वे उन्हें डराते और पैसे मांगते रहे। शुरुआत में 5 हजार रुपये लेने के बाद, आरोपियों ने लाखों की मांग शुरू कर दी। धमकियों से डरकर बुजुर्ग ने कई बार नकद राशि दी। आरोप है कि 2023 से 2026 के बीच आरोपियों ने कुल 33 लाख रुपए वसूल लिए। इसके बाद भी आरोपियों ने लगातार और रकम की मांग जारी रखी। वे 12 अप्रैल तक 20 लाख रुपए देने का दबाव बना रहे थे। इससे परेशान होकर पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफसंबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पार्वती बैरागी, राजेंद्र बैरागी, शरद बैरागी और संजना बैरागी शामिल हैं। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है और उन्हें जल्द ही न्यायालय में पेश किया जाएगा। मामले की आगे की जांच जारी है।

## ग्राम करजू में जल मंदिर का शुभारंभ

**शाजापुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था अस्मिता सोशल वेलफेयर सोसायटी, सेक्टर चौमा, विकासखंड मोहन बड़ोदिया के तत्वावधान में आज ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा ग्राम करजू में जल मंदिर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नागर, नवांकुर संस्था अध्यक्ष कृपाल सिंह राजपूत, सरपंच राधेश्याम आर्य, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सुरेश सिंह चंद्रवंशी, सचिव राधेश्याम विश्वकर्मा सहित समिति के अन्य सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## मधुमक्खियों से सुरक्षा के लिए विभागों को निर्देश जारी

### 10 अप्रैल को मधुमक्खी के काटने से हुई थी कक्षा 4 के छात्र की मौत

**सोयतकलां। कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर आरपी वर्मा द्वारा जिले के समस्त विभागीय अधिकारियों को मधुमक्खियों से सुरक्षा हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।**

उल्लेखनीय है कि 10 अप्रैल 2026 को सोयतकलां स्थित विवेकानंद विद्यालय के कक्षा 4 के छात्र रमन कराड़ा आयु 9 वर्ष की मधुमक्खियों के काटने से असामयिक मृत्यु हो गई थी। उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक एवं विद्यालय प्राचार्य की लापरवाही पर पृथक से कार्यवाही की जा रही है। जारी निर्देशों के अनुसार वन मण्डलाधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं वन, जिला अधिकारी, तहसीलदार/नायब तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालयों एवं परिसरों का निरीक्षण कर मधुमक्खियों के छत्तों को तत्काल हटवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

साथ ही समस्त कार्यालयों एवं परिसरों में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने, कूड़ा-करकट हटाने एवं झाड़ियों की कटाई कराने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि सर्प एवं अन्य जहरीले जीवों के पनपने की संभावना समाप्त हो सके।

### ...तो होगी कार्रवाई

अपर कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु सभी अधिकारी सतर्कता बरतें। किसी भी प्रकार की घटना होने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी निर्धारित कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## विधायक ने की 20 लाख देने की घोषणा

### मक्सी में चंद्रवंशी खाती समाज धर्मशाला के विकास के लिए आगे आए जनप्रतिनिधि

**मक्सी। चंद्रवंशी खाती समाज धर्मशाला के विकास को लेकर शनिवार को जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न घोषणाएं की गई। विधायक अरुण भीमावद ने धर्मशाला के लिए 20 लाख की राशि देने की घोषणा की।**




वहीं नगर परिषद मक्सी द्वारा धर्मशाला परिसर में नाली एवं सड़क निर्माण कराने की घोषणा की गई। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहन सिंह कालू पटेल एवं महेंद्र सिंह खाटू पटेल ने धर्मशाला के लिए 21 पंखे एवं एलईडी लाइट देने की बात कही। भाजपा मंडल अध्यक्ष मक्सी गोविंद गोलू पटेल ने 4 टेंट कूलर देने की घोषणा की।

इस अवसर पर पूर्व कालापीपल विधायक बाबूलाल वर्मा, शाजापुर विधायक अरुण भीमावद, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहन सिंह कालू पटेल, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मोडसिंह लोधी, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद गोलू पटेल, भाजपा मंडल महामंत्री सुनील नानू पंड्या सहित खाती समाज के वरिष्ठ छोगालाल मंडलोई, वरिष्ठ रामेश्वर मंडलोई, चंद्रवंशी खाती समाज मक्सी अध्यक्ष गुरबख्श मंडलोई, गोवर्धन लाल मंडलोई, विष्णु मंडलोई, मुकेश पडियार, पार्षद भगवान सिंह मंडलोई, पूर्व पार्षद एवं वर्तमान भाजपा मंडल मंत्री दयाराम मंडलोई, कैलाश मंडलोई, लक्ष्मण सिंह मंडलोई, दयाशंकर मंडलोई, ऊंकार मंडलोई व समाजजन उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### गांव चलो, बस्ती चलो अभियान, विधायक ने किया ग्राम पचावता का दौरा

## सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों से आमजनों को कराया अवगत

**मोहन बड़ोदिया। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत शाजापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अरुण भीमावद ने गांव पचावता का दौरा कर ग्रामीणों से संवाद किया और उन्हें भाजपा की 46 वर्षों की गौरवशाली यात्रा, संगठन के निरंतर विस्तार और केंद्र व प्रदेश सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों से अवगत कराया।**



ग्रामीणों से चर्चा करते हुए विधायक ने कहा कि भाजपा ने अपने शुरुआती संघर्ष के दौर से लेकर, जब पार्टी के केवल 2 सांसद थे। आज देश में लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने तक का सफर कार्यकर्ताओं की निष्ठा, समर्पण और जनता के अटूट विश्वास के बल पर तय किया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्षों में देश ने अभूतपूर्व विकास, सुशासन और वैश्विक स्तर पर नई पहचान हासिल की है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण, जम्मू-कश्मीर से धारा 370 का ऐतिहासिक निर्णय, तीन तलाक जैसी कुप्रथा का अंत, जी-20 जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच की सफल मेजबानी तथा भारत को विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना, यह सब मजबूत नेतृत्व और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। विधायक अरुण भीमावद ने विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में गांव चलो बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत जनसंपर्क करते हुए ग्रामीणजनों से आत्मीय संवाद किया। राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं जन समस्याओं को सुनकर उनका हल किया।

### विकास का संकल्प निरंतर जारी है...

सरकार का उद्देश्य गांव-गांव तक पहुंचकर सेवा, संवाद और विकास का संकल्प निरंतर जारी है।। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री रायसिंह मालवीय, भाजपा मंडल अध्यक्ष जगदीश पाल, मंडल महामंत्री महेश भारती, रामचंद्र सूर्यवंशी, सरपंच गोपाल पाल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनीष प्रजापति, बूथ अध्यक्ष अरुण पाल, अरुण प्रजापति सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पोषण पखवाड़ा अंतर्गत बताया पोषण का महत्व

**शाजापुर।** महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी एवं सहायक संचालक सुश्री नीलम चौहान के मार्गदर्शन में समस्त परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास सेवा द्वारा जिले के आंगनवाड़ी केन्द्रों पर शासन से प्राप्त थीम पोषण की कहानी दादी नानी की जुबानी, पर आधारित गतिविधियों का आयोजन किया गया। गतिविधि के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्रों पर गांव की वरिष्ठ महिलाओं, बच्चों की दादी नानी द्वारा बच्चों व उपस्थितजनों को हरी सब्जियों, पुराने समय में किस प्रकार से खाद्य सामग्रियों को तैयार किया जाता था। इस पर पुरानी कहानियों के माध्यम से समझाया गया। इस दौरान पर्यवेक्षकों द्वारा भी केन्द्रो पर उपस्थितजनों को उचित पोषण की जानकारी दी एवं पोषण युक्त खाध्य पदार्थो के सेवन की शपथ दिलवाई गई।